उत्तर प्रदेश सरकार
उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड
19 सी, तुलसी गंगा कॉम्पलेक्स, विधानसभा मार्ग,
लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226001
सूचना / विज्ञप्ति

उ0प्र0 पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती–2023 अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण(डी0वी / पी0एस0टी0) हेतु अर्ह अभ्यर्थियों की सूचना का प्रकाशन

संख्या–पीआरपीबी–एक–1(150) / 2023 दिनांक–नवम्बर 21 ,2024

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती–2023 की लिखित परीक्षा दिनाक 23, 24, 25 तथा 30, 31 अगस्त, 2024 तक कुल 10 पालियों में आयोजित की गयी थी।

2– उक्त भर्ती की लिखित परीक्षा के प्रश्न पत्रों तथा उत्तर कुंजी पर समस्त स्रोतों से प्राप्त समस्त आपत्तियों पर गहन विचार किया गया तथा आवश्यकतानुसार विषय विशेषज्ञों के एकाधिक पैनल से अभिमत भी प्राप्त किए गये। उपरोक्त कार्यवाही के आलोक में सभी आवश्यक संशोधन बोर्ड की वेबसाइट "https://uppbpb.gov.in/" पर परिणाम के लिंक में उपलब्ध है। अभ्यर्थी बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध संशोधित कुंजी से अपने उत्तर पत्रक का मिलान कर सकते हैं।

3– आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती–2023 की लिखित परीक्षा 10 पालियों में आयोजित किये जाने के कारण नियमावली के प्रावधानों व विज्ञप्ति में उल्लिखित प्रक्रिया के कम में प्राप्तांकों का प्रसामान्यीकरण करते हुये अंकों की श्रेष्ठता एवं उ0प्र0राज्य के आरक्षण के सुसंगत प्रावधानों के आधार पर श्रेणीवार विज्ञापित पदों के लगभग 2.5 गुना, कुल 1,74,316 अभ्यर्थियों को अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण हेतु आहूत किया जा रहा है। इसमें समान कट आफ अंक पाने वाले सभी अभ्यर्थियों को सम्मिलित किया गया है। विभिन्न श्रेणी के अन्तर्गत अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण हेतु बुलाये जाने वाले अभ्यर्थियों के प्रसामान्यीकृत कटऑफ अंक निम्नवत हैः–

क0 सं0	लम्बवत श्रेणी	कट आफ	क्षैतिज आरक्षण			
			स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रित श्रेणी के अभ्यर्थियों की कट आफ	भूतपूर्व सैनिक की कट आफ	होमगार्ड श्रेणी के अभ्यर्थियों की कट आफ	महिला श्रेणी के अभ्यर्थियों की कट आफ
1	अनारक्षित	214.04644	75.96059	100.44128	-	203.90879
2	आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग	187.31758	-	-	-	180.23366
3	अन्य पिछडा वर्ग	198.99599	-	59.00371	-	189.39259
4	अनुसूचित जाति	178.04955	-	-	-	169.13167
5	अनुसूचित जन जाति	146.73835	-	-	-	136.02707

4— यदि अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण(डीवी / पीएसटी) में, प्रत्येक श्रेणी में अपेक्षित संख्या में अभ्यर्थी सफल नहीं होते हैं, तो मेरिट के आधार पर अतिरिक्त अभ्यर्थियों को डीवी / पीएसटी हेतु बुलाया जायेगा।

5— उपरोक्त अर्ह अभ्यर्थियों के **अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण(डीवी / पीएसटी)** की कार्यवाही **माह—दिसम्बर, 2024 के तृतीय सप्ताह** में आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। इसके लिए स्थान, तिथि एवं समय की विस्तृत सूचना बोर्ड की वेबसाइट "https://uppbpb.gov.in/" पर शीघ्र प्रदर्शित की जायेगी।

6— अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण में अर्ह अभ्यर्थियों की **शारीरिक दक्षता परीक्षा(पीईटी) माह—जनवरी, 2025 के तृतीय सप्ताह** में आयोजित किया जाना प्रस्तावित है।

7— यह सूचना अभ्यर्थियों के सूचनार्थ प्रकाशित की जा रही है। अतः इस विषय में सूचना का अधिकार अधिनियम—2005 के अन्तर्गत पृथक से कोई प्रार्थना पत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा।

8— अभ्यर्थियों के अंकों का विवरण संपूर्ण भर्ती प्रक्रिया की समाप्ति के उपरान्त प्रकाशित किया जायेगा।

9— यद्यपि इस सूचना को वेबसाइट पर अपलोड किये जाने में पर्याप्त सावधानी बरती गयी है, फिर भी किसी प्रकार की तकनीकी त्रुटि के लिये बोर्ड उत्तरदायी नहीं होगा और न ही त्रुटि पाये जाने पर त्रुटिपूर्ण अंकन का किसी को किसी प्रकार का लाभ या अधिकार प्राप्त होगा या अनुमन्य होगा।

10— अभ्यर्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वे अग्रेतर महत्वपूर्ण निर्देशों हेतु उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की वेबसाइट "https://uppbpb.gov.in/" का अवलोकन करते रहें। यह भी सूचित किया जाता है कि परीक्षा सम्बन्धी समस्त सूचनाएं / निर्देश बोर्ड की वेबसाइट के माध्यम से ही प्रदत्त किये जायेगें।

21.11.24

अपर सचिव भर्ती,
उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,
लखनऊ।